## सार-समाचार

### यूजीसी के समर्थन में निकाली रैली

**करौली( निसं )** । जिला मुख्यालय पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग कानून के समर्थन में अंबेडकर सर्किल पर सभा आयोजित की। वक्ताओं ने सरकार से कानून शीघ्र लागू करने की मांग की। सभा के बाद प्रदर्शनकारी रैली के रूप में अंबेडकर सर्किल से गणेश द्वार, वजीरपुर द्वार होते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। सभा को बटरू उर्फ भानु प्रताप गुर्जर, जमनालाल जाटव, रामविलास मीणा, उदय सिंह जाटव, सुनील सैनी, नाहर सिंह सैनी, प्रहलाद सैनी, गंगाराम प्रजापत सहित अन्य ने संबोधित किया। प्रदर्शन के दौरान कानून के समर्थन में नारे लगाए गए।

### कांग्रेस का घर-घर झंडा अभियान शुरू

**भरतपुर ( निस )**। संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस का घर घर झंडा अभियान की शुरूआत शहर में घर-घर झंडा लगाने से किया। मंगलवार दोपहर 12.30 पर जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा के निर्देशानुसार शहर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचोरी के नेतृत्व में मण्डल सेवर मालीपुरा अध्यक्ष वशीर खान के घर पर आनंद नगर वार्ड नं. 2 में झंडा लगाया गया। अभियान के दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने इसे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की पहल बताया। पदाधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में यह अभियान शहर के अन्य वार्डों में भी चलाया जायेगा। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष डॉ0 दयाचंद पचौरी, मण्डल अध्यक्ष वशीर खान, जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष शहीद खान, पर्यावरण सचिव, इं. जीवनलाल शर्मा, प्रेम सिंह प्रजापत, अमित गौरावर शहर सचिव गजराज सिंह फौजदार मण्डल अध्यक्ष, आशीष राजपूत व्यापार मण्डल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, नवल सिंह काका, शरीफ उस्मानी, चन्द्रकांत शर्मा, अव्दुल अजीज उस्मानी, नत्थी सिंह बघेल, जगदीश प्रसाद बघेल, जाकिर हुसैन, वहादुर सिंह, चंदन पटेल, नत्थी, मौलाना बदरूद्दीन, आशिफ खान, फरमान खान आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### 'भैरव बाबा मंदिर में सजी छप्पन भोग फूल बंगला झांकी'

**सरमथुरा( निसं )** । उपखंड के प्रसिद्ध खिन्नौट गांव स्थित भैरव बाबा मंदिर में मंगलवार को छप्पन भोग फूल बंगला की झांकी सजाई गई। इस दौरान मंदिर में विराजित सभी देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का अलौकिक श्रृंगार किया गया। पूरे मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया और भैरव बाबा को छप्पन भोग अर्पित किए गए। इस विशेष आयोजन को देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आयोजक परिवार के सूरज कुमार सोनी ने बताया कि भैरव बाबा के प्रति पूरे उपखंड क्षेत्र सहित धौलपुर, मुरैना, करौली और ग्वालियर जिलों से बड़ी संख्या में भक्तों की गहरी आस्था है। दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनों के लिए आते हैं। मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा मनोकामना पूर्ण होने पर धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। इस मौके पर शिवचरण सोनी, देवी चरण सोनी, द्वारिका सोनी, कृष्ण कुमार सोनी, जगदीश सोनी, रामेश्वर दयाल सोनी, विष्णु सोनी और ऋतिक सोनी सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

### माली-सैनी-कुशवाहा समाज के समर्थन में मंडी रहेगी बंद

**करौली( निसं )** । राजस्थान में माली, सैनी एवं कुशवाहा समाज द्वारा आरक्षण सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जारी आंदोलन के तहत 25 फरवरी 2026 (बुधवार) को जयपुर में विधानसभा घेराव किया जाएगा। इस घेराव के समर्थन में करौली में फल-सब्जी थोक मंडी एवं खुदरा दुकानें बंद रहेंगी। माली समाज के अमर सिंह माली ने बताया कि समाज के आ ान पर सभी थोक एवं खुदरा व्यापारी अपनी दुकानें बंद रखकर आंदोलन का समर्थन करेंगे। उन्होंने बताया कि समाज की 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग लंबे समय से लंबित है। आंदोलन के समर्थन में जिले से बड़ी संख्या में लोग जयपुर में आयोजित विधानसभा घेराव में भाग लेंगे।

### नशा मुक्ति के लिए जन जागरण अभियान चलेगा

**गंगापुर सिटी ( निसं )**। स्वदेशी जागरण मंच ने रामशाला बजरिया में एक बैठक आयोजित की। इस बैठक में नशा मुक्ति अभियान को प्राथमिकता देने, लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने और यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्य संयोजक महेश गुप्ता सर्वेयर ने बताया कि नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने और बिना लाइसेंस वाहन संचालन जैसी प्रवृत्तियों पर रोक लगाने के लिए समाज स्तर पर जागरूकता आवश्यक है। इसके लिए शहर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाए जाएंगे बैठक में स्वदेशी और स्वावलंबन के विचार को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। सदस्यों ने सुझाव दिया कि स्वदेशी उत्पादों की बिक्री के लिए स्थानीय उत्पादकों को एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे अपने उत्पाद अन्य शहरों तक भी पहुंचा सकें। लघु और कुटीर उद्योगों को सशक्त बनाने के लिए महिला उद्यमियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित करने पर भी सहमति बनी। नगर संयोजक गोपाल बैराड़ा और सहसंयोजक राजेश खंडेलवाल ने शहर में बढ़ती नशे की समस्या को युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए व्यापक नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, चिकित्सा, नेत्र जांच शिविर, पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान नगर कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। केशव गुप्ता को पर्यावरण प्रमुख, रोहित गुप्ता को प्रचार प्रमुख, अरविंद गोयल को संपर्क प्रमुख, ओमप्रकाश को संस्कार प्रमुख, पूरणमल गुप्ता को चिकित्सा प्रभारी और मुकेश बंसल को नेत्र जांच प्रभारी नियुक्त किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

### करौली के विद्यार्थियों का शैक्षिणक भ्रमण

**करौली( निसं )** । स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल , खंड करौली के विद्यार्थियों का दल एक दिवसीय शैक्षिणक भ्रमण पर रवाना हुआ। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक सर्वेश कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने बताया कि विद्यार्थियों ने मेहंदीपुर बालाजी मंदिर एवं श्री महावीर जी के दर्शन किए। वरिष्ठ अध्यापक राजेश कुमार मीणा ने विद्यार्थियों को दोनों धार्मिक स्थलों के इतिहास की जानकारी दी। विद्यालय स्टाफ मुकेश कुमार मीणा, संतोष कुमार गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद मीणा, अनीता शर्मा, मीरा मीणा, सोनपाल जाटव एवं नरेश कुमार मीणा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### निरंकारी सत्संग भवन में चलाया स्वच्छता अभियान

**गंगापुर सिटी ( निसं )**। बाइपास रोड स्थित निरंकारी सत्संग भवन परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान सेवादल के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने श्रमदान कर साफ-सफाई की। सभी ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए जल संरक्षण का संदेश दिया। आयोजन की अध्यक्षता मुखी बहन पुष्पा रानी ने की, जबकि सेवादल संचालक विनोद बैरवा ने इसका निर्देशन किया।

# केंन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लंबित प्रकरणों का करें समयबद्ध निस्तारण : एडीएम

■ जिला स्तरीय परामर्श एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

**भरतपुर ( निस )**। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर राहुल सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय परामर्श समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार ने प्रशासनिक एवं बैंकिंग अधिकारियों का स्वागत करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर को पौधा भेंट कर अभिनंदन किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सभी बैंकर्स को साइबर ठगी की रोकथाम हेतु प्रत्येक बैंक में नोडल अधिकारी नियुक्त कर उनके मोबाइल नंबर पुलिस विभाग से साझा करने के निर्देश दिए, ताकि साइबर प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा किसान क्रेडिट कार्ड के लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने पर बल दिया।

उन्होंने युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजन, किसानों, एससी-एसटी वर्ग एवं सफाई कर्मियों के हित में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में दिसंबर तिमाही 2025-26 की बैंकिंग उपलब्धियों की समीक्षा की गई। उन्होंने बैंकवार सी.डी. रेशियो की समीक्षा करते हुए 60 प्रतिशत से कम सी.डी. रेशियो वाले बैंकों पर नाराजगी व्यक्त की और शीघ्र इसे 60 प्रतिशत से ऊपर लाने के निर्देश दिए। कृषि, डेयरी, मत्स्य एवं पशुपालन क्षेत्रों में अधिकाधिक ऋण वितरण कर लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने को कहा गया।

उन्होंने कृषि, डेयरी एवं मत्स्य अधिकारियों को प्रत्येक पंचायत में कृषि ऋण योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु शिविर लगाने के निर्देश भी दिए गए। जन सुरक्षा सैचुरेशन कैंप, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं अटल पेंशन योजना में लक्ष्य प्राप्ति पर विशेष जोर दिया गया तथा एपीवाई लक्ष्य को 155 प्रतिशत तक पहुंचाने का आ ान किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित अन्य प्रायोजित योजनाओं में अधिकाधिक ऋण वितरण और लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में बड़े एनपीए खातों की सूची प्रशासन को उपलब्ध कराने तथा वसूली में प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया गया।

राजीविका के अंतर्गत मार्च माह में क्रेडिट आउटरीच कैंप आयोजित कर 1000 ऋण स्वीकृत कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक ने भी लंबित आवेदनों के त्वरित निस्तारण का आग्रह किया। बैठक में संयुक्त निदेशक सामाजिक एवं न्याय अधिकरिता विभाग श्याम सुन्दर, उप निदेशक महिला अधिकारिता राजेश कुमार, अमित अवस्थी सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के अजमेर दौरे की तैयारी में जुटी भाजपा

■ मंडलों में बैठकों के बाद कार्ययोजना तय, कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी

**गंगापुर सिटी ( निसं )**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 28 फरवरी को प्रस्तावित अजमेर दौरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को भाजपा तलावड़ा मंडल की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के निजी निवास पर हुई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पुखराज सलेमपुर ने की। इसमें पंचायत समिति प्रधान मंजू गुर्जर, भाजपा जिला मोर्चा संयोजक जमनालाल वैष्णव और गंगापुर सिटी प्रवासी कार्यकर्ता होशियार सिंह मीणा उपस्थित रहे। बैठक में अजमेर दौरे की व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं की सूची तैयार करने, वाहनों की व्यवस्था, भोजन और समयबद्ध समन्वय जैसे विषयों पर जिम्मेदारियां तय की गईं। मंडल अध्यक्ष ने प्रत्येक बूथ से अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा बताते हुए यह भी निर्णय लिया गया कि 26 फरवरी को होने वाली जिला बैठक में तैयारियों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा, सवाई माधोपुर मुख्यालय पर प्रदेश पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति में संगठन की जिला कार्यशाला आयोजित होगी, जहां अजमेर दौरे को लेकर अंतिम रणनीति पर चर्चा की जाएगी। प्रधानमंत्री के अजमेर दौरे को लेकर भाजपा वजीरपुर मंडल की भी बैठक हुई। इसमें भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंघल और शहर मंडल अध्यक्ष चतुर्भुज गोयल मौजूद रहे।

## कला जत्था ने साक्षरता के लिए किया जागरण

**मंडरायल( निसं )** । मंडरायल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मुख्यालय पांचोली में जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी राम अवतार मीणा के निर्देशन में वातावरण निर्माण कार्यक्रम के तहत कला जत्था द्वारा साक्षरता जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक परियोजना अधिकारी अशोक कुमार मीणा एवं मंडरायल के मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार मीणा के आतिथ्य में स्थानीय कलाकारों ने गीत एवं सुड्डा की प्रस्तुतियों के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व के प्रति प्रेरित किया। खंड साक्षरता समन्वयक गणपत मीणा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को साक्षर बनाना है। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार मेड़िया लोखा भगत (पांचोली), जण्डेल मेड़िया (मूडरी), मनोज कलाकार (बैरेड), श्यामबाबू कलाकार, गणपत मीणा एवं मुकेश शर्मा (संसाधन व्यक्ति) सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# किसान हैं देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ : डॉ. एच. सी. शर्मा

■ 26वें सरसों विज्ञान मेले का सफल आयोजन

**भरतपुर ( निस )**। भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, भरतपुर द्वारा आयोजित 26वें सरसों विज्ञान मेले में वैज्ञानिकों और कृषि विशेषज्ञों ने किसानों से आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन और आय बढ़ाने का आव्हान किया। मेले के मुख्य अतिथि एवं अनुसंधान सलाहकार समिति के अध्यक्षडॉ. एच.सी. शर्मा ने किसानों को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि कृषि क्षेत्र के वास्तविक नवप्रवर्तक भी हैं। उन्होंने किसानों को नवीन वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने, 'किसान उत्पादक संगठनों' से जुड़कर बेहतर विपणन सुनिश्चित करने तथा अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त कर अधिक लाभ अर्जित करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने सरसों की खेती के साथ मधुमक्खी पालन को अपनाने पर बल देते हुए कहा कि इससे शहद उत्पादन के साथ-साथ सरसों की उत्पादकता में भी उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। संस्थान ने कीटनाशक निर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान, गुरुग्राम के सहयोग से ओरोबैंकी (गुड़िया) प्रबंधन पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए तीन पेटेंट प्राप्त किए हैं तथा इसके प्रभावी नियंत्रण हेतु नैनो हर्बीसाइड विकसित किए हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा विकसित उन्नत किस्में एवं वैज्ञानिक उत्पादन तकनीकें किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ देश को खाद्य तेलों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। देशराज सिंह, अतिरिक्त निदेशक, भरतपुर संभाग, कृषि विभागने किसानों से मृदा स्वास्थ्य में सुधार के लिए संतुलित पोषण प्रबंधन अपनाने, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आव्हान किया। उन्होंने भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, भरतपुर द्वारा सरसों के क्षेत्र में किए जा रहे अनुसंधान कार्यों एवं महत्वपूर्ण उपलब्धियों की सराहना की. भाभापरमाणु अनुसंधानकेंद्र ट्रॉम्बे, मुंबई के भूतपूर्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस. झांभुलकरने कहा कि उन्नत किस्मों और वैज्ञानिक उत्पादन तकनीकों को अपनाकर किसान सरसों की उत्पादकता में 3 से 4 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक वृद्धि कर सकते हैं, जिससे किसानों की आय में सीधा लाभ होगा। राष्ट्रीय समेकित नाशीजीव प्रबंधन अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के भूतपूर्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. ओ.पी. शर्माने ट्राइकोडर्मा से समृद्ध वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग तथा कीट एवं रोगों की नियमित निगरानी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे फसल सुरक्षा का प्रभावी उपाय बताया।

# हिंडौन में माटी कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

■ 20 उत्पादों की दी जानकारी, मशीनों की सर्विस के बारे में भी बताया

**हिंडौन सिटी** (निसं) । श्रीयादे माटी कला बोर्ड द्वारा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 20 फरवरी से शुरू हुए इस शिविर में 20 चयनित माटी शिल्पकारों को आधुनिक इलेक्ट्रिक चाक और पगमिल मशीनों का उपयोग कर अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्पाद बनाना सिखाया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर और डिजाइनरों की एक टीम इन शिल्पकारों को प्रशिक्षित कर रही है।

**मशीनों की सर्विसिंग और मेंटेनेंस के बारे में बताया:** प्रदेश सचिव विष्णु प्रजापति ने बताया- राजस्थान सरकार माटी कला को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। पहले बजट में 1,000 बिजली चाक वितरित किए गए थे, जो दूसरे बजट में बढ़कर 2,000 हो गए। अब तीसरे बजट में 5,000 चाक और पगमिल मशीनों का वितरण किया जा रहा है। बोर्ड द्वारा भेजी गई आधुनिक पगमिल (मिट्टी गूंथने की मशीन) और इलेक्ट्रिक चाक प्रशिक्षण केंद्रों पर पहुंच चुके हैं। प्रशिक्षण के दौरान, मास्टर ट्रेनर कामगारों को इन मशीनों की सर्विसिंग और मेंटेनेंस के बारे में भी जानकारी दे रही है।

**ट्रेनिंग में 20 उत्पादों के बारे में दी जानकारी:** ट्रेनिंग के दौरान 20 ऐसे मुख्य उत्पादों के बारे में जानकारी दी, जिनकी बाजार में भारी मांग है। इनमें टेराकोटा वॉल हैंगिंग, डिजाइनर फ्लावर पॉट्स, मिट्टी के वाटर कूलर, टेराकोटा ज्वेलरी, मिट्टी के डिनर सेट, डेकोरेटिव लैंप शेड्स, मिट्टी की कढ़ाई और तवा, फैशनेबल दही हांडी, टेराकोटा की कलात्मक मूर्तियां, मिट्टी की बोतलें, गुलदस्ते, बर्ड फीडर, टी-कप, कुल्हड़, एरोमा डिफ्यूज़र, विंड चाइम्स और गार्डन एक्सेसरीज शामिल हैं।


प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, भरतपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर DEV/BHARATPUR/TRUST/2026/48/14 क 2026
चूंकि प्रार्थी SATYEN CHATURVEDI, 70/170 PATAL MARG MANSAROVAR JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास सोसायटी फार एजुकेशन कॉनसिएन्टाइजेशन अवेयरनेस एण्ड ट्रेनिंग एकट बोधग्राम ट्रस्ट EKAT BODHGRAM BANSHI KA BAGH GANGAPUR MOD KARAULI के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 05-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 16/04/2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, भरतपुर


## पुलिस अधीक्षक एवं एडीएम ने बाल हिंसा मुक्त अभियान पोस्टर का किया विमोचन

■ अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल द्वारा विधिवत विमोचन कर अभियान का शुभारंभ किया गया

**करौली( निसं )**। जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग एवं एक्शनएड - यूनिसेफ द्वारा जिले में बाल हिंसा मुक्त करौली अभियान के पोस्टर का जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल द्वारा विधिवत विमोचन कर अभियान का शुभारंभ किया गया। एक्शनएड - यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि बाल हिंसा मुक्त करौली अभियान के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतराम मीणा, जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल शर्मा, सदस्य फजले अहमद, माय भारत केंद्र जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी, मानव तस्करी विरोधी यूनिट के रवि शर्मा, चाइल्ड हेल्पलाइन टीम प्रभारी भीकम सिंह, एक्शनएड मानवाधिकार रक्षक जगदीश जाट, माय भारत केंद्र स्वयंसेवक नेहरू लाल बैरवा, ललेश बैरवा एवं एक्शनएड स्वयंसेवक गुनगुन कसेडिया मौजूद रहें। बाल हिंसा मुक्त करौली अभियान के अंतर्गत स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, महिला समूहों, बाल संरक्षण समितियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ समुदाय स्तर पर जिला स्तर से गांव स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाकर लोगों को बाल हिंसा के खिलाफ प्रेरित किया जायेगा।

इस अभियान की शुरुआत में जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमाराम परिडवाल द्वारा अभियान के पोस्टर का विमोचन किया गया तथा बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने कहा कि बाल हिंसा-जिसमें शारीरिक, मानसिक, लैंगिक शोषण, बाल श्रम और बाल विवाह जैसी कुप्रथाएं शामिल हैं-समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इन समस्याओं के समाधान हेतु सामुदायिक जागरूकता, संवेदनशीलता एवं सशक्त हस्तक्षेप आवश्यक है।

## विद्यार्थियों को फलदार बगीचों की प्रायोगिक जानकारी दी

**भरतपुर ( निस )**। कृषि महाविद्यालय भुसावर के विद्यार्थियों को फलदार बगीचो की प्रायोगिक जानकारी दी गयी। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने कहा कि इस समय आम, कटहल नींबू आदि में फूल आने की अवस्था है। यदि फूल गिर रहे है तो इसे रोकना आवश्यक है। फूल व फल गिरने से रोकने के लिए प्लोनोफिक्स आधा मिली लीटर प्रति लीटर पानी के घोल का छिड़काव करना चाहिए। कटहल में फल बन गया है। इसलिए सिंचाई शुरू करे तथा 5 वर्ष से अधिक आयु के पौधे में 300 ग्राम यूरिया प्रति पौधा देवें। अमरूद व अनार में अम्बे बहार के फल नहीं लेने हो तो सिंचाई रोक दें। इससे इसका फूल गिर जायेगा ताकि मृग बहार की फलत अच्छी हो।

## नाला अवरूद्ध होने से आमजन परेशान

**गंगापुर सिटी ( निसं )**। महावीर नगर में नाला ब्लॉक होने से गंदा पानी खाली प्लॉटों और कॉलोनी में भर गया है। इससे परेशान कॉलोनीवासियों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर और नगर परिषद प्रशासक को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि हिंगोटियां रोड स्थित गवर्नमेंट उच्च प्राथमिक स्कूल मिर्जापुर के सामने वार्ड नंबर 3 का नाला एक प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा बजरी और मिट्टी का अवैध स्टॉक करने के कारण बंद हो गया है। नाले का पानी रुकने से वह ओवरफ्लो होकर आसपास के खाली प्लॉटों और रिहायशी इलाकों में फैल रहा है। इससे क्षेत्र में गंदगी, मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे बीमारियों का खतरा उत्पन्न हो गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पास में राजकीय और निजी स्कूल संचालित हैं, जहां विद्यार्थियों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है।


प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, भरतपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर DEV/BHARATPUR/TRUST/2026/93
चूंकि प्रार्थी श्री UPENDRA DUTT SHARMA जी टी रोड धौलपुर राजस्थान 328001 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास इन्दिरा गांधी शिक्षा संस्थान धौलपुर, जी टी रोड धौलपुर राजस्थान 328001 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 19.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 29.04.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, भरतपुर


## वैज्ञानिकों से सीखी उन्नत ग्राफ्टिंग तकनीक

■ आधुनिक ग्राफ्टिंग तकनीक, संरक्षित खेती, प्राकृतिक और जैविक खेती के प्रयोगों का अवलोकन किया

**गंगापुर सिटी** (निसं)। गंगापुर सिटी, वजीरपुर और बामनवास सहित विभिन्न क्षेत्रों के किसानों ने आत्मा योजना के तहत आयोजित अंतरराज्यीय भ्रमण में उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने बनारस स्थित कृषि अनुसंधान संस्थान में सब्जियों की आधुनिक ग्राफ्टिंग तकनीक, संरक्षित खेती, प्राकृतिक और जैविक खेती के प्रयोगों का अवलोकन किया।

**ब्रमेटो तकनीक की ली जानकारी:** भ्रमण दल के प्रभारी पिंटूलाल मीना और अमित कुमार ने बताया कि संस्थान के वैज्ञानिकों ने सब्जियों पर ग्राफ्टिंग की उन्नत तकनीक का प्रदर्शन किया। इसमें बैंगन के पौधे पर टमाटर की डाली ग्राफ्ट करके एक ही पौधे से टमाटर और बैंगन दोनों का उत्पादन लिया जा रहा है। वैज्ञानिकों ने बताया कि बैंगन के पौधे की आयु अधिक होने के कारण टमाटर की डाली ग्राफ्ट करने पर पौधा लंबे समय तक फल देता है।

## सार्वजनिक स्वास्थ्य, आपातकाल एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार; राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, गृह मंत्रालय, भारत सरकार; तथा यू.एस. सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन, कंट्री ऑफिस इंडिया के सहयोग से 24-25 फरवरी 2026 को भरतपुर में सामुदायिक आधारित' सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल एवं आपदा प्रबंधन टियर-प्रथम एवं टियर-द्वितीय पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 असित श्रीवास्तव ने बताया कि यह कार्यक्रम राज्यव्यापी स्तर पर पीएचईडीएम पहल के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य तकनीकी दक्षता, व्यावहारिक कौशल एवं प्रशिक्षण संचालन क्षमता से सुसज्जित मास्टर प्रशिक्षकों का एक सशक्त दल विकसित करना है, जो राज्यभर में टियर-प्रथम एवं टियर-द्वितीय प्रशिक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन का नेतृत्व कर सके। इस पहल के माध्यम से राजस्थान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदाओं एवं आपात स्थितियों के प्रति सामुदायिक स्तर पर दीर्घकालिक तैयारी को सुदृढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है।

यह पहल प्रधानमंत्री के आपदा जोखिम प्रबंधन संबंधी दस सूत्रीय एजेंडा के अनुरूप है, विशेषकर स्थानीय क्षमता निर्माण और पहल को सशक्त बनाने पर दिए गए बल के संदर्भ में। सीबी-पीएचईडीएम समुदायों को जोखिम की समयपूर्व पहचान, त्वरित प्रतिक्रिया तथा समन्वित पुनर्वास के लिए सक्षम एवं जागरूक बनाने को प्रोत्साहित करता है। यह आत्मनिर्भर एवं सुदृढ़ गांवों के निर्माण की व्यापक परिकल्पना को भी समर्थन प्रदान करता है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों एवं आपदाओं का प्रभावी प्रबंधन कर सकें।


**कार्यालय भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर**
क्रमांकः-स्टोर/2025/61-65 दिनांक : 19.02.2026
**वाहन नीलामी सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण द्वारा वाहन संख्या आर-जे-05-सीए-7444 शिफ्ट डिजायर जिसका चेसिस संख्या MA3FJEB1500588995 एवं इंजन संख्या DI3A2427456 तथा मोडल नम्बर 2014 की नीलामी भरतपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय में वाहन जहां है, जैसी स्थिति में दिनांक 27.02.2026 को नियमानुसार गठित कमेटी के समक्ष प्रातः 3.00 बजे की जावेगी। वाहन नीलामी बोली में भाग लेने वाले इच्छुक क्रय-कर्ता नियमानुसार वाहन का अवलोकन प्राधिकरण कार्यालय में कार्यालय समय में कर सकते है। बोलीदाता को बोली लगाने से पूर्व अमानत राशि के रूप में 10000.00/- रू (दस हजार रू) का डी.डी. आयुक्त महोदय भरतपुर विकास प्राधिकरण भरतपुर के नाम बनवाकर जमा कराना होगा। बोली को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का कमेटी को पूर्ण अधिकार होगा। उक्त वाहन की न्यूनतम बोली 2,30,000/- से प्रारम्भ की जायेगी
शर्त :- 1. उक्त वाहन एनसीआर रीजन में नहीं चलाया जायेगा।
राज.संवाद/सी/25/21120
सचिव


# कुशालगढ़ की धरा निशान यात्रा के साथ तृतीय विशाल फाल्गुन मेले का शंखनाद

■ ''तृतीय विशाल सतरंगी फाल्गुन मेले'' का भव्य शुभारंभ हुआ

**गंगापुर सिटी ( निसं )**। हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के गगनभेदी जयकारों और भक्ति के अनुपम उत्साह के साथ कुशालगढ़ की पावन धरा पर श्री श्याम सेवा धाम समिति (रजि.) के तत्वावधान में आयोजित ''तृतीय विशाल सतरंगी फाल्गुन मेले'' का भव्य शुभारंभ हुआ। श्री श्याम परिवार सेवा समिति द्वारा निकाली गई दिव्य निशान यात्रा और ठाकुर जी के नगर भ्रमण ने पूरे शहर को श्याममयी बना दिया। प्रचार-प्रसार संयोजक मनीष सागवान ने बताया कि निशान यात्रा में उमड़ा जनसैलाब देखते ही बन रहा था। हाथों में श्याम बाबा का निशान थामे श्रद्धालु भजनों की स्वर लहरियों पर झूमते-गाते चल रहे थे। यात्रा के आकर्षण का केंद्र दो भव्य रथ रहे। प्रथम रथ में साक्षात बाबा श्याम और लड्डू गोपाल जी विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दे रहे थे, वहीं द्वितीय रथ में परम तपस्वी श्री श्री 1008 श्री प्रमोद गिरी जी महाराज विराजमान होकर श्रद्धालुओं को अपना मंगल आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे।

**जगह-जगह हुआ पलक-पावड़े बिछाकर स्वागत:** निशान यात्रा का नगरवासियों ने पुष्प वर्षा और आरती उतारकर आत्मीय स्वागत किया। देवी स्टोर चौराहा स्थित विधायक रामकेश मीणा के निवास पर यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद सभापति श्री शिव रतन अग्रवाल एवं प्रधान मंजू गुर्जर उपस्थित रहीं। यात्रा के मंदिर प्रांगण पहुँचने पर श्री श्याम सेवा धाम समिति द्वारा श्रद्धालुओं का स्वागत पुष्प वर्षा और प्रसाद वितरण कर बड़े ही भावपूर्ण तरीके से किया गया। इसके पश्चात श्री प्रमोद गिरी जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर मेले का विधिवत शुभारंभ किया। यात्रा बालाजी चौक से शुरू होकर चौपड़, खारी बाजार, देवी स्टोर चौराहा, कचहरी रोड, फव्वारा चौक, उदेई मोड़ होते हुए नहर रोड स्थित कुशालगढ़ बाबा श्याम के मंदिर पहुंची। यात्रा के मार्ग में शहरवासियों ने जगह-जगह अल्पाहार, पेयजल और पुष्पवर्षा कर श्याम प्रेमियों का स्वागत किया। निशान यात्रा के कुशालगढ़ स्थित बाबा श्याम मंदिर पहुंचने पर सभी श्याम प्रेमियों को प्रसादी वितरित की गई।

**सांस्कृतिक संध्या, वृंदावन की रासलीला ने मोहा मन:** कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल के अनुसार, प्रथम दिवस की संध्या को वृंदावन से पधारी प्रसिद्ध मंडली द्वारा श्श्री राधा जन्मोत्सवश, माखन चोरी एवं भव्य श्महारासश का मंचन किया गया। इस दिव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम बृजेंद्र मीणा एवं पीडब्लूडी एक्सीएन बदन सिंह गुर्जर उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर परिषद हिण्डौन सिटी जिला करौली ( राज. )**
क्रमांक: 9450 **आम सूचना नगर परिषद हिण्डौन सिटी** दिनांक:24.2.202

राजस्थान नगरीय सेवा में भू-उपयोग परिवर्तन नियम 2010 व राजस्थान नगरीय क्षेत्र में भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधित) नियम 2021 के प्रावधनों के आधार पर निम्न भूखण्ड के आवेदक द्वारा अपनी सम्पत्ति का भू-उपयोग परिवर्तन करवाये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति संस्था आदि को कोई आपत्ति/सुझाव यदि हो तो 15 दिवस में पत्र दस्तावेज संबंधित नगर परिषद कार्यालय में अथवा आयुक्त को प्रस्तुत करें।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल पट्टाधारी का नाम | भूखण्ड सं. | पट्टा विलेख में वर्णित भू-उपयोग | भूखण्ड का क्षेत्रफल | न.स. न्यास/ निजी खातेदारी योजना | मास्टर प्लान 2036/जोनल विकास योजना अनुसार भू-उपयोग | उपयोग जिसके लिए आवेदन किया है | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री विशम्भर दयाल वर्मा पुत्र श्री भौरीलाल वर्मा निवासी मोहन नगर भूखण्ड सं. एफ-42 हिण्डौन | नगर पालिका द्वारा क्रमांक नं. 17351/13 दिनांक 26.03.2002 को भूखण्ड योजना सं. 03 एफ 42 का पट्टा श्री विशम्भर दयाल वर्मा पुत्र श्री भौरीलाल वर्मा के नाम जारी किया गया। | योजना सं. 03 मोहन नगर भूखण्ड सं. एफ 42 हिण्डौन सिटी | आवासीय | 267.56 वर्गमी. | नगर सुधार न्यास की योजना सं. 03 मोहन नगर | वाणिज्यिक खुदरा व्यापार व सामान वाणिज्यिक/ वाणिज्यिक केन्द्र | व्यवसायिक फ्री-होल्ड | पूर्व में कार्यालय नगर पालिका द्वारा जारी 320 वर्गगज का आवासीय पट्टा व संलग्न प्रतिलिपि अन्य दस्तावेज |

आयुक्त नगरपरिषद हिण्डौन